ग्रुप- एच के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

1. विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु प्राप्त हुए ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर आवेदक-विद्यार्थियों के अर्हताकारी परीक्षा या पूर्व परीक्षाओं में प्राप्त हुए प्राप्तांकों के आधार पर एवं विश्वविद्यालय में लागू आरक्षण के नियमानुसार **ग्रुप-एच** के पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर **भोपाल, खण्डवा, रीवा एवं दतिया** परिसर में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी की जा रही है।
2. सूची में दर्शाए गए सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पूर्णतः अस्थायी है तथा यह आवेदकों की सभी अंक सूचियों तथा अन्य दस्तावेजों की स्कैन (Scan) प्रतियों के परीक्षण एवं शुल्क जमा करने के पश्चात ही सुनिश्चित होगा।
3. विश्वविद्यालय में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों की शुल्क संबंधी जानकारी प्रस्तुत की जा रही है। अपने प्रवेश की सीट सुरक्षित करने के लिए प्रत्येक चयनित छात्र को पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क की प्रथम किश्त 8 अगस्त 2022 तक अनिवार्य रुप से जमा करना होगी। निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद ही प्रवेश के लिए सीट सुरक्षित मानी जायेगी। इस तिथि तथा समय तक शुल्क जमा न होने पर आवेदक का प्रवेश दावा निरस्त माना जाएगा तथा उसे बाद में कोई मौका प्रदान नहीं किया जाएगा।
4. **पाठ्यक्रम के शुल्क की प्रथम किश्त MPOnline के माध्यम से ही जमा की जाएगी। इस हेतु लिंक एम.पी.ऑनलाइन की वेबसाईट https://mcrpv.mponline.gov.in पर उपलब्ध होगा।**
5. शुल्क जमा करने से पूर्व विद्यार्थी स्वयं अपनी पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, चयनित श्रेणी, मूल निवासी अनिवार्यता जांच लें।
6. सभी चयनित विद्यार्थी निम्न प्रपत्रों को स्पष्ट रुप से स्कैन कर JPEG प्रारुप में संबंधित विभाग के ई-मेल पर **5 अगस्त 2022** के पूर्व अनिवार्य रुप से भेजें।
7. विभाग द्वारा प्राप्त दस्तावेजों का परीक्षण किया जायेगा एवं उपयुक्त पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी को विभाग द्वारा शुल्क जमा करने हेतु सूचित किया जायेगा। इसके बाद ही विद्यार्थी शुल्क जमा कर सकते हैं। दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान जानकारी असत्य पाये जाने पर प्रवेश सूची से नाम निरस्त कर दिया जायेगा।

आपको निम्न दस्तावेज संलग्न करने हैं-

1. प्रवेश हेतु भरे हुए आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की स्कैन प्रति स्पष्ट होना चाहिए। आवेदन-पत्र डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो लगाकर हस्ताक्षर करने के बाद स्कैन करें।
2. स्नातक/डिप्लोमा स्तर पर प्रवेश के लिए कक्षा 10 वीं तथा कक्षा 12वीं की अंकसूचियों की मूल प्रति की स्पष्ट स्कैन प्रति।

3. स्नातकोत्तर/स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी 10 वीं तथा 12 वीं की अंक सूचियों के साथ ही स्नातक स्तर की परीक्षा के प्रथम तथा द्वितीय वर्ष (सेमेस्टर सिस्टम के विद्यार्थियों के लिए प्रथम 4 सेमेस्टर) की मूल अंकसूचियों की स्पष्ट स्कैन प्रति। (साथ ही अंतिम वर्ष की भी यदि विद्यार्थी स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो चुका है तो)
4. आरक्षण हेतु मूल जाति प्रमाण-पत्र की स्पष्ट स्कैन प्रति।
5. यदि मध्यप्रदेश के मूलनिवासी हैं तो मूलनिवासी प्रमाण-पत्र की स्पष्ट स्कैन प्रति।
6. मध्यप्रदेश के मूलनिवासी जिन्होंने ई.डब्ल्यू.एस. (EWS) केटेगरी में आवेदन किया है, वे ई.डब्ल्यू.एस. (EWS) की पात्रता के प्रमाण-पत्र की स्पष्ट स्कैन प्रति भेजेंगे।
7. आधार कार्ड की स्पष्ट स्कैन प्रति।
8. अर्हताकारी परीक्षा की मूल अंकसूची/मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र/ चरित्र प्रमाण-पत्र/ माइग्रेशन प्रमाण-पत्र के अभाव में वचन पत्र (दिये गये प्रारूप में)
9. आवेदक की घोषणाएँ – विवरण व हस्ताक्षर सहित (दिये गये प्रारूप में)
10. इसके अतिरिक्त अन्य कोई आवश्यक मूल दस्तावेज की स्पष्ट स्कैन इमेज प्रति।

- छात्र उपरोक्त सभी दस्तावेज की स्कैन फाइलें (JPEG Format) में एक साथ एक ही ई-मेल में संलग्न कर संबंधित विभाग को नीचे दिए गए ई-मेल पते पर भेजें तथा ईमेल भेजते समय विषय में अपना नाम, पाठ्यक्रम का नाम तथा अपना आवेदन क्रमांक (Form Number) तथा चयनित कैटेगरी के अनुसार डालें - (*नीचे दिये गये उदाहरण के अनुसार)

*** Sub–ADMISSION 2022–Aadesh Pandey BA(JCW) F2203333, MPGEN**

विश्वविद्यालय की वेबसाइट से निम्नलिखित प्रारूप (Format) डाउनलोड करें-

1. **आवेदन-पत्र (Application Form)**
2. **आवेदक की घोषणाएं**
3. **वचन-पत्र**
4. **Fees Structure**

- छात्र सभी दस्तावेजों की मूल प्रति अपने पास ही रखेंगे। व्यक्तिगत रुप से जब भी आपको विश्वविद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये जाएंगे तब यह दस्तावेज संबंधित विभागाध्यक्ष को दिखाकर कार्यालय में जमा करने होंगे।
- यदि किसी कारण विद्यार्थी अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार उसका शुल्क वापिस किया जाएगा।

प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर admission@mcu.ac.in पर ई-मेल भेजें।

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम कोड	विभाग का नाम तथा ई-मेल एड्रेस जिस पर ई-मेल भेजा जाना है
1.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक	BLIS	Department of Library & Information Sciences E-mail- dlis@mcu.ac.in Contact- Shri Santosh K. -9425166145 Shri Chaman Singh Arya- 8871155715
2.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर	MLIS	

रीवा परिसर

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम कोड	परिसर/विभाग का नाम तथा ई-मेल एड्रेस जिस पर ई-मेल भेजा जाना है
1.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस	PGDCA	REWA CAMPUS E-mail- rewacampus@mcu.ac.in Contact- Shri Surya Prakash- 9868435658 Shri Ravi Sahu- 9893579200 Shri Brijendra Shukla- 7693861752 Shri Dhirendra Mishra- 8269809330
2.	डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस	DCA	
3.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल एप्लीकेशंस	PGDRJ	

खण्डवा परिसर

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम कोड	परिसर/विभाग का नाम तथा ई-मेल एड्रेस जिस पर ई-मेल भेजा जाना है
1.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस	PGDCA	KHANDWA CAMPUS E-mail- khandwacampus@mcu.ac.in Contact- (Office) 0733-2248895 Shri Sandeep Bhatt- 9754870534 Shri Manoj Niwariya- 9827282829
2.	डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस	DCA	

दतिया परिसर

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम कोड	परिसर/विभाग का नाम तथा ई-मेल एड्रेस जिस पर ई-मेल भेजा जाना है
1.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल एप्लीकेशंस	PGDRJ	DATIA CAMPUS E-mail- datia@mcu.ac.in Contact- (Dr. Sanjeev Gupta-9425028871)

(डॉ. आशीष जोशी)
निदेशक, प्रवेश